## संक्षिप्त

### बस की चपेट से बच्चे की मौत

उदयपुर, (कासं)। झाड़ोल कस्बे में निजी स्कूल बस की चपेट में आने से बच्चे की मौत हो गई। इसका पता चलने पर मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने किया हंगामा करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया। जहां स्कूल प्रबंधन व परिजनों के बीच हुई बातचीत में सत्रहलाख एक्किस हजार रूपये व पिता को नौकरी देने पर बनी सहमती बनने पर मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार मंगलवार अपरान्ह में झाड़ोल थानाक्षैत्र नामली गांव रोड़ पर राजस्थान पब्लिक सीनियर सैकण्ड्री स्कूल झाड़ोल बस की चपेट में आने से उसकी स्कूल के बच्चे चितराज सिंह (7) पुत्र विक्रमसिंह की मौत हो गई। इसका पता चलने पर मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने मुआवजा देने व सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया। जहां बुधवार को स्कूल प्रबंधन व परिजनों के बीच हुई बातचीत में 17 लाख 21 हजार रूपये मुआवजा व मृतक के पिता को उसी विद्यालय में नौकरी देने की सहमति बनने पर मामला शांत हुआ। इस पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। स्कूल से जाते समय नींद आने से चितराज बस में सोया था जिसके चलते मकान के पास स्टेण्ड पर नहीं उतरा पाया। लेकिन बस के वापस लौटते समय जागने पर स्टेण्ड आते ही जल्दी से निचे उतर गया। इसी दौरान वह बस की चपेट में आया।

### श्रमिक की अकाल मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में श्रमिक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एमपी मुरेना ढिकली दरोली निवासी बंटी (39) पुत्र मानसिंह रावत की तबीयत खराब होने पर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंटी एमपी कॉलोनी सविना में फर्शी का काम करता था। जिसकी तबीयत खराब होने पर परिजन व ठेकेदार उसे नजदीक क्लिनीक पर ले गए। जहां दवा दिलाने के बाद घर छोड़ आया। तबीयत में आराम नहीं होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। एएसआई चतरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

### 1350 लीटर बायोडिजल जब्त

उदयपुर, (कासं)। डीएसटी एवं बैकरिया थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध बायो डीजल पंप संचालन करने वाले को गिरफ्तार कर मौके से तेरह सौ पचार लीटर बायोडिजल जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्र सिंह राठौड़ के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह एवं डीएसटी टीम के प्रभारी महिपालसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए बैकरिया नेशनल हाईवे पर एचपी पेट्रोल पंप के सामने अवैध बायो डिजल पंप पर दबीश देकर मौके पर टेंक से व ड्रम में भरा कुल 1350 लीटर बायो डीजल जब्त कर पंप को सीज कर मौके से धर्मेश पुत्र नानालाल निवासी गोगुन्दा को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# विद्यार्थियों को जल संरक्षण व स्वच्छता के लिए किया प्रेरित



राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 5 सागवाडा में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम के तहत जल की महत्व की जानकारी दी।

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधिशासी अभियंता मधुसूदन गेना, सहायक अभियंता मुकेश पाटीदार के मार्गदर्शन में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 5 सागवाडा में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके अंतर्गत विद्यालय में छात्र छात्राओं को जल संरक्षण व स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई से सामाजिक विकास

■ विद्यार्थियों को बताया स्वच्छता का महत्व और जल संरक्षण की दी जानकारी

अधिकारी विरलराज सिंह सिसोदिया ने वर्तमान में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, अपने घर, कार्यालय एवं परिसर को साफ-सुथरा रखने एवं कचरा निस्तारण के बारे में बताया। विद्यार्थियों को कम से कम एक पौधारोपण करने को कहा गया। सिसोदिया ने जल संरक्षण के महत्व बताते हुए कहां कि यदि जल का दुरुपयोग नहीं रोक पाए तो आने वाले समय में भारी परेशानियों का सामना करना पडेगा। परियोजना के तहत शहर के विकास में किए जाने वाले स्वच्छ जलाशय उच्च जलाशयों तथा पानी के नेटवर्क के बारे में जानकारी देते हुए छात्राओं को जल की महत्व से अवगत करवाया। साथ ही जल संरक्षण के उपाय बताते हुए जानकारी दी गई कि हमने भू-जल का अत्यधिक दोहन कर भूमिगत जल एवं पर्यावरण को सीधा नुकसान पहुंचाया है, विद्यार्थियों को अपने विद्यालय के साथ घर परिवार एवं मोहल्ले में लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करने की अपील की। विद्यार्थियों को वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विद्यालय स्टॉफ ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य हर्षा कटारा ने बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया और आरयूआईडीपी की योजनाओं का लाभ उठाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ दीपिका शुक्ला, भरत उपाध्याय, इलेश शर्मा उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने जाने कृषकों के अनुभव

राजसमन्द, (निसं)। कृषि विज्ञान केन्द्र राजसमन्द (म.प्र.कृ.प्रो.वि.वि., उदयपुर) द्वारा कृषि महाविद्यालय डुंगरपुर की छात्राओं को ग्रामीण कृषि अनुभव का 3 माह का कार्यक्रम ग्राम भगवान्दा कलां में कृषकों के खेतों में ग्रामीणों के अनुभव के साथ संमपन्न हुआ। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.पी.मीणा ने कार्यक्रम तथा इसमें की गई गतिविधियों का अवलोकन किया। कृषि महाविद्यालय डुंगरपुर की 15 छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। ग्रामीण अनुभव कृषि स्नातक डिग्री के लिये आवश्यक है। इसमें किसानों के साथ रहकर ग्रामीण अनुभव मृदा, बीज, किस्म, बुवाई और संरक्षण का कार्य, उन्नत पशुपालन, कुक्कुट पालन, सब्जी एवं उद्यानिकी फ सलों, मसाला फसलों, निराई, गुडाई, आदि पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. पी.सी. रेगर के निर्देशन में हुआ। इस प्रषिक्षण में पूर्ण तकनिकी सहयोग गंगाराम चौधरी, तकनिकी सहायक की रही। इस प्रशिक्षण में किसान भंवरलाल कुमावत, लालुराम कुमावत, फतहलाल कुमावत, घीसुलाल कुमावत आदि मौजूद रहे।

# कुलपति सारंगदेवोत ने राज्यपाल से की अनौपचारिक भेंट



राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागडे के उदयपुर प्रवास के दौरान एयरपोर्ट पहुंचने पर भूपाल नोबल्स संस्थान विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने अनौपचारिक भेंट की।

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागडे के उदयपुर प्रवास के दौरान एयरपोर्ट पहुंचने पर भूपाल नोबल्स संस्थान विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने अनौपचारिक भेट की। कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने आगामी माह में भूपाल नोबल्स संस्थान द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का न्यौता दिया। इस अवसर पर विद्या प्रचारिणी सभा के सदस्य डॉ. युवराज सिंह राठौड, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत मौजूद थे।

# सरदार पटेल व बिरसा मुंडा की जयंती पर होंगे आयोजन

उदयपुर, (कासं)। भारतरत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी बुधवार को यहाँ आयोजित पत्रकारवार्ता में उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत और बीजेपी शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने दी।इस अवसर पर वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों का पोस्टर विमोचन भी किया गया।

उन्होंने बताया कि पहले दिन 31 अक्टूबर को टाउन हॉल शहीद स्मारक से एक विशाल यूनिटी मार्च शुरू होकर बापू बाजार सूरजपोल झीणी रेत चौक, मार्शल चौराहा धानमंडी, तीज का चौक दिल्ली गेट बापू बाजार होते हुए पुनः टाउन हॉल में सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक निबंध प्रतियोगिता राष्ट्रीय रील, प्रतियोगिताए ऑनलाइन क्विज, पॉडकास्ट श्रृंखला. 'एक था सरदार' जैसे कई कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा।

सांसद रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए का सुस्पष्ट मत रहा है कि राष्ट्र के नायकों को किस प्रकार साथ में लेकर उनके विचारों को लेकर विरासत के साथ विकास करें। लोह पुरुष सरदार वलूभभाई पटेल की जन्म जयंति 31 अक्टूबर को मनाने के बाद 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जिनकी 150वीं जयंती मनाने जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजाति नायक और क्रांतिवीर है, लेकिन उनको भगवान का दर्जा दिया गया। यह अपने आप में एक महत्वपूर्ण है। उन्होंने हमारी अपनी संस्कृति अपने विचार को लेकर ईसाई मिशनरी और अंग्रेजों के आक्रमण को रोकने के लिए उन्होंने सुस्पष्ट रूप से कहा कि ष् टोपी टोपी एक साहेबष् अर्थात अंग्रेज और मिशनरी मिलकर देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने उनके खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा किया।

### फैक्ट्री बंद करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

मावली, (निसं)। कस्बे में आज पटेल फोस्फोकेम फर्टिलाइजर्स इंडस्ट्रीज से हो रहे प्रदूषण जन स्वास्थ्य हनी व कृषि नुकसान के विरोध में उद्योग को बंद करने एवं तत्काल कार्वाई करने हेतु सोफा तहसीलदार दिनेश कुमार यादव को ज्ञापन ज्ञापन में बताया कि पटेल फॉस्फोकेन फर्टिलाइजर इंडस्ट्रीज खेमली ग्राम स्थित है उससे हो रहे प्रदूषण जन स्वास्थ्य हानि व कृषि नुकसान के विरोध में उद्योग को बंद करवाने एवं तत्काल कार्वाई करने खेमली, जूनावास के ग्रामवासी पिछले 18 से 20 महीना से गांव के निकट संचालित पटेल फॉस्फो केम फर्टिलाइजर्स इंडस्ट्रीज के विरुद्ध लगातार विरोध दर्ज करते आ रहे हैं।

क्योंकि यह उद्योग गांव के पर्यावरण स्वास्थ्य पेयजल, फसलों तथा स्कूल के अध्यनरत बच्चो के लिए गंभीर खतरा बन चुका है उक्त फैक्ट्री ग्राम खेमली आबादी एवं स्कूल से मात्र 300 से 700 मीटर की दूरी पर संचालित हो रही है जो पूरी तरह पर्यावरण नियमों का उल्लंघन है इस फैक्ट्री से प्रतिदिन रासायनिक गैस दुर्गंध एवं धुआं निकलता है जिस गांव के लोगों को आंखों में जलन सांस लेने में तकलीफ सर दर्द त्वचा संबंधी समस्या हो रही है विद्यालय इस फैक्ट्री की परिधि में आते हैं जीन में लगभग 2000 से अधिक बच्चे अध्ययन करते हैं जो इस रासायनिक प्रदूषण से प्रतिदिन प्रभावित हो रहे हैं गांव की किसानों की फासले प्रभावित हो रही है तथा पशुधन पर भी बुरा प्रभाव पड रहा है ग्राम पंचायत खेमली में जांच के उपरांत इस कंपनी को दी गई स्वीकृति को रद्द कर दिया है जिसकी प्रति संलग्न है इसके बावजूद फैक्ट्री अवैध रूप से चल रही है इस फैक्ट्री के विरुद्ध कई बार ग्राम सभा में निर्णय लिए गए हैं तथा ग्रामीणों द्वारा उपखंड अधिकारी मावली जिला कलेक्टर उदयपुर की जनसुनवाई में भी विरोध एवं शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है इसके बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्वाई नहीं हुई है।

## सार-समाचार

### डॉ. अभिषेक गेस्ट फैकल्टी के रूप में आमंत्रित



उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिषेक कुमार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में आयोजित रिसर्च मेथडोलॉजी (शोध पद्धति) विषयक कार्यशाला में गेस्ट फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया। यह कार्यशाला वर्ल्ड ट्रॉमा वीक 2025 के अवसर पर 'स्ट्रेंथनिंग ट्रॉमा सिस्टम: फ्रॉम रिस्पॉन्स टू रिकवरी' विषय पर 11 अक्टूबर 2025 को डिपार्टमेंट ऑफ ट्रॉमा सर्जरी एंड क्रिटिकल केयर, एआईआईएमएस ऋषिकेश द्वारा आयोजित की गई थी। डॉ. अभिषेक कुमार ने इस अवसर पर शोध पद्धति पर एक प्रभावशाली सत्र लिया, जिसमें उन्होंने शोध डिज़ाइन एवं डाटा व्याख्या के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में ट्रॉमा हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य ट्रॉमा केयर के क्षेत्र में अनुसंधान क्षमता को सशक्त बनाना और एविडेंस-बेस्ड प्रैक्टिसेज़ को प्रोत्साहित करना था।

### जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखेर थाना क्षेत्र अशोक विहार सेंट ठिागोरियस स्कूल के पास स्थित मधु वर्मा पत्नी कन्हैयालाल वर्मा के सूने मकान की ग्रील तोड़ चोर सोने चांदी के जेवरात व एक लाख रूपये नकदी चुरा ले गए। एक माह पूर्व मधु अपने पति का उपचार कराने के लिए अहमदाबाद गई थी। वहां से लौटी तो मकान में जाकर देखा तो कमरों में सामान बिखरा पड़ा था एवं जेवर तथा नकदी गायब थी। इस पर ठील टूटी होने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। चोरी गए जेवरात की सूची बाद में देने की रिपोर्ट दी है।

### खेलगांव में तैराकी प्रतियोगिता कल

उदयपुर, (कासं)। लौह पुरूष सरदार वलूभभाई की 150 वी जयन्ती के अवसर पर एक जिला एक खेल/पंच गौरव योजना अन्तर्गत 31 अक्टूबर को सांय 3.00 बजे महाराणा प्रताप खेलगांव उदयपुर तरणताल पर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वगी के तैराकी द्वारा भाग लिया जाएगा। प्रतियोगिता 50, 100 एवं 200 मीटर फ्री स्टाईल, 50, 100 एवं 200 ब्रेस्ट, 50, 100, 200 बेक स्ट्रोक एवं 50 एवं 100 मीटर बटर फलाई में आयोजित होगी। सीनीयर सिटीजन हेतु भी प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में इवेन्ट प्रतियोगी की संख्या को देखकर घटाई बढाई जा सकती है।

### लेकसिटी में तीसरे दिन भी हल्की बारिश

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में बुधवार को तीसरे दिन भी रुक.रुककर बारिश का दौर जारी रहा। पिछले 2 दिनों के मुकाबले बुधवार को बारिश बिल्कुल कम है। लगातार तीसरे दिन भी सूर्यदेव के दर्शन नहीं पाए। दिनभर बादल छाए रहने बारिश होने से मौसम और भी ठंडा हो गया है। उदयपुर में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री चल रहा है।

मौसम विभाग की माने तो 30 अक्टूबर की शाम से बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। गुरुवार शाम से मौसम साफ होने लगेगा। 2 नवंबर तक राजस्थान में मौसम ड्राई होने के बाद रात के तापमान में गिरावट होगी और इससे सर्दी बढ़ेगी। घने बादलों की आवाजाही ने मौसम को खुशनुमा बना रखा है।असल में सोमवार रात को हुई बारिश के बाद 2 दिनों से सुबह से रात तक रुक रुककर बरसात हो रही थी।

कैचमेंट में तेज बारिश के बाद उदयपुर की उदयसागर के गेट आज सुबह 3.3 फीट खोल दिए थे। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवात के कारण राजस्थान के 11 जिलों में बारिश का दौर जारी है।


कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/13249 दिनांक : 16.10.2025

-: आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 3 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री रवीन्द्र कुमावत पिता स्व. श्री मदनलाल कुमावत निवासी-फौज मोहल्ला, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-18 क्षेत्रफल- 1477.50 वर्गफिट, केशव नगर, धनावतों का खेड़ा, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-19 | 40 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-17 | 30 फिट रोड |
| 2. | श्री भावेश कुमावत पिता स्व. श्री मदनलाल कुमावत निवासी- फौज मोहल्ला, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-20 क्षेत्रफल- 1250 वर्गफिट, केशव नगर, धनावतों का खेड़ा, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-21 | भूखण्ड संख्या-19 | भूखण्ड संख्या-15 | 30 फिट रोड |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा


### सड़क हादसे में महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। सराड़ा कस्बे में हुए सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सलूम्बर जिले के सराड़ा थाना क्षैत्र सूखण्ड खेड़ा से सराड़ा रोड़ पर कोलर स्कूल के समीप मोड़ पर बाइक से गिरने पर घायल सूरखण्डखेडा सराड़ा निवासी कमला पत्नी मांगीलाल प्रजापत की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।मंगलवार सांय कमला अपने पति के साथ बाइक पर बैठ कर गांव से सराड़ा जा रही थी।


प्रारूप—10
(नियम—6(7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं
आयुक्त नगपालिका नाथद्वारा जिला—राजसमन्द

सं. 13020 -: लोक सूचना :- दिनांक: 13/10/2025

दिनेश चंद्र गुर्जर पिता रमन लाल गुर्जर निवासी नाथूवास नजदीक कृष्णा सर्कल नाथद्वारा जिला—राजसमन्द द्वारा राजस्व ग्राम—नाथद्वारा के इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:—


| क्र.सं. | तहसील का नाम जिले सहित | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नाथद्वारा जिला — राजसमन्द | नाथद्वारा | 2863, 4022/2863, 3617/2864, 3993/2865, 3994/2866, 4023/2866 | रकबा 0.3820 हैक्टेयर मे से 0.2015 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90—क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर—भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तचाक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर—भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13/10/202 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं
आयुक्त
नगरपालिका नाथद्वारा


### डीईओ अंजुम ने किया विद्यालयों की प्रगति का अवलोकन



राजस्थान अभियान प्रखर 2.0 कार्यक्रम के तहत राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के पठन कौशल का अवलोकन करती जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक शफब अंजुम।

बांसवाड़ा, (निसं)। प्रारंभिक स्तर पर विद्यार्थियों में पठन कौशल के विकास के लिये प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान प्रखर 2.0 कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक शफब अंजुम ने घाटोल ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों की प्रगति का अवलोकन किया।

अंजुम ने राउमावि बांसलीखेडा, राउप्रावि पांडीयापोर, राप्रावि कटारों का खेडा, राप्रावि तलाईपड़ा, राप्रावि बडेटा, राप्रावि जैतपुरा, राप्रावि बोरपी केरिया, राप्रावि चूडा माता का पाडा, राप्रावि नाल पडा का आकस्मिक अवलोकन कर वस्तु स्थिति को देखा। डीओ अंजुम ने अभियान के तहत संस्था प्रधान व शिक्षकों में रीडिंग कैंपेन अवधारणा की समझ, योजना के तहत लक्षित समूह निर्माण तदनुरूप कार्य योजना बनाने, विद्यार्थियों में उच्चारण को प्रभावी बनाने के लिए डिजिटल माध्यम का प्रयोग करने, विद्यार्थियों की मनोरंजक गतिविधियों को करने, समूह पठन प्रतियोगिता आदि का आयोजन करने, एबीएल कीट के उपयोग, बेसलाइन, मिड लाइन आंकलन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान करके विभागीय निर्देशों के अनुरूप कार्य योजना बनाकर कार्य की प्रगति का अवलोकन कर सुधार के लिए निर्देश दिए।

# पीएमसीएच में विश्व लकवा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर,(कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के पेसिफिक सेन्टर ऑफ न्यूरों साइन्सेस में आज विश्व लकवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पीसीएनएस के डॉयरेक्टर इन्टरवेंशनल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ.अतुलाभ वाजपेयी ने लकवा (स्ट्रोक) से बचाव और इसके उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि लकवा (स्ट्रोक) एक गंभीर चिकित्सा स्थिति है, जिसमें तुरंत उपचार मरीज की जान और अपंगता दोनो को बचा सकता है। डॉ.वाजपेयी ने कहा कि देश भर में लगभग 18 लाख लोगों की हर साल लकवा (पैरालिसिस) होता है और जिसमें से तकरीबन सात लाख लोगों की बड़ी धमनियों में रुकावट की वजह से होता है, अगर चौबीस घंटे के अंदर अगर मैकेनिकल थ्रोम्बोक्टोमी प्रोसीजर के द्वारा इन धमनियों की रूकावट को खोल दिया जाए तो पैरालिसिस से बचा जा सकता है। लेकिन इस प्रक्रिया का लाभ मुश्किल से हजार से पंद्रह सौ लोगों को हमारे देश में मिल पाता है। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों को पहचानना बेहद जरूरी है। अगर समय रहते इलाज किया जाए तो बहुत से लोगों की जान बचाई जा सकती है। उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और धूम्रपान जैसी जीवनशैली से जुड़ी समस्याएं स्ट्रोक का कारण बन सकती हैं। इसलिए इन समस्याओं को नियंत्रित करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना जरूरी है।

■ न्यूरोलॉजिस्ट अतुलाभ वाजपेयी ने लकवा (स्ट्रोक) से बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी



पीएमसीएच में विश्व लकवा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान उन्होने स्ट्रोक के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ साथ समाज में लोगों को इसके लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में बताने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही बताया कि स्ट्रोक के मरीजों के लिए समय पर इलाज के साथ-साथ सही फिजियोथेरेपी और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान भी बेहद महत्वपूर्ण होता है। डॉ.वाजपेयी ने कहा हम सभी का कर्तव्य है कि हम स्ट्रोक के प्रति जागरूक रहें और इसके लक्षणों को पहचानकर समय रहते इलाज कराएं। इससे हम न केवल अपनी जान बचा सकते हैं, बल्कि अपने प्रियजनों की जिंदगी भी सुरक्षित कर सकते हैं। कार्यक्रम में पीएमसीएच के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं मरीजों के परिजनों ने भाग लिया।


OFFICE OF THE RETURNING OFFICER
(DISTRICT COLLECTOR UDAIPUR)
HRIDAY CREDIT CO-OPERATIVE SOCIETY LIMITED,UDAIPUR

DM UDAIPUR/RO/HRIDAY/ELE/2025/01 Date 10.10.2025 MSCS/CR/352/2010

NOTIFICATION OF ELECTION PROGRAMME

All the members of Hriday Credit Co-operative Society Limited, H. No. 11-B, Vinayak-B Complex, Durga Nursery Road, Udaipur, Rajasthan-313001 are hereby informed that Election of Boards Members of the society will be held on Sunday, 07" December, 2025 from 8.00 AM to 4.00 PM

The Election of the society is conducted as per Cooperative Election Authority's order no. CEA-12011/384/2025 dated 09 September 2025. The Co-operative election Authority hereby appoint District Magistrate/Collector, Udaipur as Returning Officer for conducting Election In compliance of orders above the election programme of the society is hereby declared as Follows.

Election Program:

1. Publication of Provisional List of Members/Delegates, Eligible to Vote on 03.11.2025 at 11.00 A.M on the Notice Board of the society Head Office and Its Branches as well as on website of the society www hriday.co
2. Raising objection to the provisional list, as on 04.11.2025 to 07.11.2025 from 11.00 AM to 3.00 PM.
3. Scrutiny of objection received to the provisional list (If any), as on 10.11.2025 to 14.11.2025 from 11.00 AM to 3.00 PM.
4. Publication of the final list of Members/Delegates, eligible to vote, on 14.11.2025 by 03.00 PM.
5. Issue and filling of Nomination forms, as on 17.11.2025 to 20.11.2025 from 11.00 AM to 3.00 PM at the registered office of the society.
6. Publication of list of Nomination Received, as on 20.11.2025 by 5.00 PM.
7. Scrutiny of Received Nomination Forms, as on 21.11.2025 from 11.00 AM onwards.
8. Publication of list of valid Nominations, 21.11.2025 at 5.00 PM
9. Withdrawal of Nominations, as on 22.11.2025 from 11.00 AM to 3.00 PM
10. Publication of final list of Contesting Candidates, as on 22.11.2025 at 5.00 PM
11. Date of Poling, If necessary, as on 07.12.2025 from 8.00 AM to 4.00 PM
12. Counting of Votes, as on 11.12.2025 from 08.00 AM onwards.

12A. Submission of Form 19M with Recommendation for seeking approval of CEA before declaration of Result of BOD, on 11.12.2025

13. Declarations of Results of Board of Directors, on or before 15.12.2025
14. Election of Office Bearer, on 17.12.2025 from 10.00 AM to 3.00 PM
15. Meeting of Newly Constituted Board & Publication of List for Valid Nomination, Polling (If Required), on 18.12.2025 at 11.00 A.M Onwards.
16. Declaration of Result of election of Office Bearers after approval of CEA New Delhi on Format 19 N.

Namit Mehta
District Magistrate/Collector, Udaipur
Returning Officer Hriday Credit Cooperative Society Ltd. Udaipur